# परिवहन विभाग ने बेंगलूरु में वाहन जांच में लाई तेजी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज होने के साथ ही परिवहन विभाग ने राज्य भर में वाहन जांच तेज कर दी है। चेक-पोस्टों पर नियमित जांच के अलावा, परिवहन अधिकारी अब वाहन के दस्तावेजों और परिवहन किए जा रहे सामान पर भी सख्ती से ध्यान दे रहे हैं। साथ ही चुनाव आयोग और संबंधित विभागों को सचेत कर रहे हैं, अगर वे पैसे या शराब ले जा रहे वाहनों को रोकते हैं। परिवहन आयुक्त योगीश ने बताया कि परिवहन विभाग एक प्रवर्तन एजेंसी है। कर्नाटक की सीमाएँ आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों से लगती हैं। विभाग के पास केवल 15 चेक-पोस्ट हैं, लेकिन अन्य राज्यों की सीमा से लगे जिलों के जिला आयुक्तों ने परिवहन, पुलिस, उत्पाद शुल्क, वाणिज्यिक कर और अन्य विभागों के अधिकारियों को शामिल करते हुए समग्र चेक-पोस्ट स्थापित किए हैं। परिवहन अधिकारी मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहन दस्तावेजों और उल्लंघनों की जांच करते हैं। योगीश ने कहा हालांकि, चुनाव नजदीक आने पर अगर हमें पैसे या शराब का अवैध परिवहन या कुछ भी संदिग्ध लगता है, तो हम तुरंत उत्पाद शुल्क, वाणिज्यिक कर, आयकर और अन्य जैसे संबंधित विभागों को सूचित करते हैं। उन्होंने कहा कि अब तक, परिवहन अधिकारियों को पैसे या शराब के किसी भी अवैध परिवहन का पता नहीं चला है।

### प्रहलाद जोशी को बदलने की मांग

# मल्लिकार्जुनश्री ने लिंगायत संत की टिप्पणी से खुद को किया दूर

**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक में लिंगायत धर्मगुरु द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए धारवाड़ निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार प्रह्लाद जोशी को बदलने के आह्वान के बाद, मुरुघा मठ ने खुद को टिप्पणियों से दूर कर लिया है। धारवाड़ मुरुगा मठ के मल्लिकार्जुनश्री ने कहा यह उनकी निजी राय है, सामूहिक लिंगायत समुदाय या मठ की राय नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिंगलेश्वर स्वामी के बयान का मठ से कोई लेना-देना नहीं है।





गुरुवार को धारवाड़ में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए लिंगायत धर्मगुरु दिंगलेश्वर स्वामी ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी पर निशाना साधा था। स्वामी ने कहा था जोशी ने अपनी बदले की राजनीति की है। धारवाड़ लोकसभा टिकट बदला जाना चाहिए। हम यह बात बीजेपी आलाकमान को बताएंगे। लिंगायत वोटों का बहुमत धारवाड़ जिले में है। दिंगलेश्वर स्वामी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रह्लाद जोशी ने ही बीएस येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से हटाया था। इसी बीच शहर में मीडिया से बात करते हुए धारवाड़ मुरुगा मठ के मल्लिकार्जुनश्री ने कहा स्वामीजी के बयान का धारवाड़ मुरुगा मठ से कोई लेना-देना नहीं है। हमारा मठ कभी भी राजनीतिक मामलों में भाग नहीं लेता है। उन्होंने कहा मौजूदा विवाद से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। वहीं भाजपा उम्मीदवार प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को अज्ञानता प्रकट करते हुए कहा कि वह उनका आशीर्वाद जीतेंगे। स्वामी की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए जोशी ने कहा मुझे जानकारी नहीं है। मैं उनके बयानों पर प्रतिक्रिया नहीं देना चाहता। मैं उनके आशीर्वाद से जीतूंगा। मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकता।



*गदग/शुभ लाभ ब्यूरो। राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपद्रा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ अरुण चौधरी हुब्बल्ली में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर शनिवार सुबह गदग पहुंचे। वहाँ पर राजस्थान मूल के कई लोगों ने उनका स्वागत किया। वहां पर तेरापंथ भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके पूर्व कर्नाटक सरकार के अंगूर रस निगम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल भंसाली के निवास स्थान पर भी भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों से मिले।*

# होली स्नेह मिलन का आयोजन



**गदग/शुभ लाभ ब्यूरो।** गदग जिला क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन ने शुक्रवार को विमलरिसॉर्ट में एक दिवसीय होली स्नेह मिलन का आयोजन किया। गदग जिला क्लॉथमर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली ने सभा को सम्बोधित किया। इस अवसरपर एसोसिएशन के सलाहकार हरीश शाह, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र सिंघवी समेत कईसदस्य उपस्थित थे।

### तेजस्विनी गौड़ा की कांग्रेस में वापसी

# प्रियंका गांधी विशेष रूप से महिलाओं की समर्थक रही हैं: तेजस्विनी गौड़ा



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** हाल ही में भाजपा एमएलसी पद से इस्तीफा देने वाली डॉ.तेजस्विनी गौड़ा फिर से कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गई। नई दिल्ली मेंआयोजित एक समारोह में जयराम रमेश ने उनका पार्टी में वापस स्वागत किया। मीडियाको संबोधित करते हुए गौड़ा ने अपनी यात्रा पर विचार व्यक्त करते हुए कहा 2004में कांग्रेस में शामिल होने से पहले मैंने एक सामान्य पत्रकार के रूप में शुरुआत कीथी। मुझे देवेगौड़ा के खिलाफ चुनाव लड़ने का मौका दिया गया था,और कर्नाटक और कनकपुरा के लोगों ने एक पत्रकार के रूप में मेरे कामको पहचाना और मुझे चुना। मैं सोनिया गांधी और राहुल गांधी का आभारव्यक्त करती हूं।

प्रियंका गांधी विशेष रूप से महिलाओं की समर्थक रही हैं। उन्होंनेआगे कहा आज, मल्लिकार्जुन खड़गे कर्नाटक में एआईसीसी का नेतृत्व करतेहैं, सुरजेवाला और जयराम रमेश पार्टी के संगठन के लिए लगन से काम कररहे हैं। कर्नाटक में सिद्धरामैया और केपीसीसी अध्यक्ष डी के शिवकुमारके नेतृत्व में कांग्रेस ने 136 सीटें हासिल कीं और सत्ता संभाली। इसलिएमैं एक दशक के बाद कांग्रेस में फिर से शामिल हो रही हूं, इसके बैनर तले तीनबार चुनाव का सामना कर चुकी हूं। जब मैंने कांग्रेस से चुनाव लड़ा तोपार्टी कार्यकर्ताओं ने मेरी जमानत राशि भी चुका दी। गौड़ा ने भाजपाकी आलोचना करते हुए कहा भाजपा में लोकतंत्र की कमी है। जबकि वे मोदीकी वैश्विक मान्यता का दावा करते हैं, वे मौजूदा सांसदों को पार्टी केटिकट देने से इनकार करते हैं। यहां तक कि संसद पर हमले के दौरानहमलावरों को टिकट मुहैया कराने वाले सांसद को भी भाजपा का संरक्षणप्राप्त है। मैंने मैसूरु में चुनाव लड़ने के लिए टिकट का अनुरोधकिया, लेकिन यह किसी और को दे दिया गया। मैंने कांग्रेस पार्टी सेकोई मांग नहीं रखी है। मैं पार्टी के लक्ष्यों में योगदान देने के लिए शामिलहो रही हूं। आइए हम भारतीय लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिएमिलकर काम करें। भाजपा के साथ अपने समय को स्वीकार करते हुए, गौड़ाने कहा, मुझे एमएलसी के रूप में नियुक्त करने के लिए मैं भाजपा की आभारीहूं। -हमेंअपने कार्यों पर ध्यान देना चाहिए हालाँकि,मेरे कांग्रेस में जाने की संभावना की अफवाहें थीं। जैसा कि मैंने विधानसभा सत्रमें कहा था, राजनीति में हमारी यात्रा भगवद गीता के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है।आज ये जगह मेरी है, कल किसी और की हो सकती है। पार्टी में रहते हुएहमें अपने कार्यों पर ध्यान देना चाहिए। इसी तरह, हमें दूसरों को अवसर प्रदानकरना चाहिए। पूर्व पत्रकार तेजस्विनी ने 2004 में राजनीति में प्रवेश किया और जनप्रतिनिधि बनीं। वह पहले कनकपुरा लोकसभा क्षेत्र में पूर्व प्रधान मंत्रीदेवेगौड़ा को हराकर कांग्रेस पार्टी से सांसद के रूप में कार्य करचुकी हैं। भाजपा के साथ दस साल बाद, उनकी एमएलसी सदस्यता 17 जून, 2024 कोसमाप्त होने वाली थी। हालांकि, उन्होंने तय समय से पहले इस्तीफा देने औरकांग्रेस पार्टी में फिर से शामिल होने का फैसला किया।

# केवी गौतम कोलार से कांग्रेस उम्मीदवार घोषित



**कोलार/शुभ लाभ ब्यूरो।** कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति ने शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कोलार (एससी) निर्वाचन क्षेत्र के लिए बेंगलूरु सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केवी गौतम की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही कांग्रेस ने कर्नाटक की सभी 28 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। कोलार जिला कांग्रेस कमेटी में गुटबाजी के कारण एआईसीसी ने कोलार निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार की घोषणा में देरी की। राज्य युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के पूर्व पदाधिकारी गौतम, एससी 'वामपंथी' संप्रदाय से हैं। मंत्री के.एच. मुनियप्पा के दामाद चिक्का पेद्दन्ना का टिकट काटा गया। गौतम की उम्मीदवारी को पूर्व विधान सभा अध्यक्ष के.आर. रमेश कुमार और कोलार जिले के पांच विधायक, जिन्होंने एससी के सही संप्रदाय से एक उम्मीदवार की मांग की थी, के नेतृत्व वाले गुट के लिए एक झटके के रूप में भी देखा जा रहा है। मुनियप्पा के नेतृत्व वाले गुट ने एससी दक्षिणपंथी संप्रदाय से संबंधित उम्मीदवार को नामांकित करने का विरोध किया। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने जिले के बागी विधायकों और सात बार के सांसद मुनियप्पा के साथ चर्चा के बाद गौतम के नाम की सिफारिश की। चर्चा का नेतृत्व कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया और उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार ने किया था।

# होली स्नेह मिलन आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मुडलपाल्या वेलफेयर एवं व्यापार संघ ने कुनिगल रोड नेलमंगलास्थित आरआर रिट्रिट रिसॉर्ट में होली स्नेह मिलन का आयोजन किया।

सदस्यों ने विभिन्न खेलकूद व मनोरंजक खेलों का आनंद लिया। एक दूसरे कोहोली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सचिवअशोक परिहार, अनील जैन, भानाराम गहलोत, जीतमल जैन, गिरीराज जैन, पन्नालालआगलेचा, लखन कुमावत, चुन्नीलाल, सुनील कोठारी, मास्टर जाट, हरीरामदेवासी, ललीत, वेनाराम, जगदीश आदि मौजूद रहे।



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। स्नेहजीवी गेळ्ेयरा बळ्गा द्वारा शिव नगर स्थित नेताजी खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद एवं व्यायाम अति आवश्यक है। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।*

# संसदीय चुनावों के बाद सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी हो जाएगी विभाजित: बोम्मई



**हावेरी/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस पार्टी ने उपयुक्त उम्मीदवारों की कमी के कारण मंत्रियों के परिवार के सदस्यों को टिकट दिया है। बोम्मई ने कहा संसदीय चुनावों के बाद सत्तारूढ़ पार्टी विभाजित हो जाएगी।

यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के तीन महीने के भीतर कांग्रेस पार्टी टूट जाएगी। इसका असर कर्नाटक पर भी पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी में वंशवाद की राजनीति रही है और यह कोई नई बात नहीं है। लेकिन इस बार मंत्रियों के रिश्तेदारों को अधिक टिकट देना एक अलग कारण से था। आलाकमान ने दस मंत्रियों को संसदीय चुनाव लड़ने के लिए कहा था। लेकिन उन्हें चुनाव जीतने का भरोसा नहीं था। जब राष्ट्रीय नेताओं ने उनसे उपयुक्त उम्मीदवार सुझाने को कहा, तो उन्होंने अपने बेटे, बेटियों, दामाद, बहू और भाई को टिकट दिलवा दिए। इससे कोई फायदा नहीं होगा। मतदाताओं ने पीएम मोदी को वोट देने का फैसला किया है। बोम्मई लोकसभा चुनाव में गदग-हावेरी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि वह रविवार को तय करेंगे कि लोकसभा उम्मीदवार के रूप में नामांकन कब दाखिल करना है।

# जीवन निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** तेयुप विजयनगर एवं किशोरमंडल द्वारा शनिवार को कब्बन पार्क में प्रातः 7 बजे से बेंगलूरु संभाग स्तरीय प्रशिक्षण अनस्टॉपेबल कार्यशाला आयोजित की गई। तेयुप अध्यक्ष राकेश पोखरणा ने सबका स्वागत अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में अभातेयुप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत, अभातेयुप परामर्शक विमल कटारिया, बेंगलूरु संभाग प्रमुख अमित दक, तेयुप पूर्व अध्यक्ष सम्पत चावत, विजयनगर किशोर मंडल प्रभारी विकास व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक सरोकारों को सहेजते हुए अपने अपने अनुभव साझा किए। अनस्टॉपेबल कार्यशाला में सीपीएस के राष्ट्रीय प्रभारी एवं कार्यशाला के मुख्य वक्ता दिनेश मरोठी ने टीमवर्क, नूतन रचनात्मक चिंतन, समय प्रबंधन, स्मार्ट, तीक्ष्ण बौद्धिक क्षमता का विकास, जुनूनी इरादों, खुद और दूसरो की क्षमता को पहचानने की शक्ति, मानसिक अवरोधों, रूढ़ियों को तोड़ने की इच्छाशक्ति आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार प्रस्तुत किए। किशोर मंडल के राष्ट्रीय प्रभारी अरविंद पोखरणा ने किशोरों युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु ट्रेजर हंट गतिविधि का उपयोग किया। अरविंद ने समय प्रबंधन, रचनात्मकता, मौलिकता के अभ्यास पर बल दिया। इस अवसर पर तेयुप विजयनगर के सहमंत्री रौनक चौरडिया, कोषाध्यक्ष अशोक मारू, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र टेबा, महावीर टेबा, अभिषेक कवाडिया, प्रदीप चोपड़ा, गौतम खाबिया, सतीश पोडवाड, सीपीएस जोनल टीम से मोनिका गांधी, आदित्य मांडोत, तेयुप विजयनगर कार्यकारिणी सदस्य समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत नवकार मंत्र के मंत्रोचार से हुआ। उसके पश्चात हिट युवा फिट युवा संयोजक श्रेयांस सेठिया ने शारीरिक व्यायाम करवाए। इस कार्यशाला के संयोजक हेमंत पटावरी का विशेष श्रम रहा। कार्यक्रम का संचालन तेयुप मंत्री कमलेश चोपड़ा ने किया। आभार सहमंत्री संजय भटेवरा ने किया।

# जेडीएस नेता नजमा नजीर कांग्रेस में हुई शामिल



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ, जनता दल (सेक्युलर) की नेता नजमा नजीर चिकनेरले शनिवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गईं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा जनता दल से इस्तीफा देकर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाली युवा नेता नजमा नजीर आधिकारिक तौर पर अपने समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हो गई हैं। जनता दल (सेक्युलर) की महिला शाखा की पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष नजीर चिकनेरले 22 साल की उम्र में एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी में शामिल हुईं और तेजी से पार्टी में आगे बढ़ीं। ज्वाइन करने के एक साल के भीतर ही वह राज्य स्तरीय मीडिया प्रवक्ता बन गईं। महज 25 साल की उम्र में उन्हें पार्टी की महिला विंग का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### भाजपा की कर चोरी के प्रति अंधा है आईटी विभाग

# कांग्रेस पार्टी की असली ताकत पैसे की ताकत नहीं, बल्कि जनता की ताकत: सीएम

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने आलोचना की है कि भाजपा इस भ्रममें है कि देश में टैक्स आतंकवाद से कांग्रेस पार्टी को वश में किया जासकता है। यहां जारी एक प्रेस बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में हार का खतरा झेल रही भाजपा कांग्रेस पार्टी को दंडित करने के लिए आईटी, ईडी, सीबीआई जैसी स्वायत्त एजेंसियों का इस्तेमालकर रही है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि अगर बीजेपी को पता है किइस तरह से वह हमारी पार्टी को कमजोर कर चुनाव जीत सकती है तो यह उसपार्टी का भ्रम है। इनकम टैक्स न चुकाने पर कांग्रेस पार्टी पर लगे चार्जका भुगतान न करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। 2017-18 में बीजेपीको 92 गुमनाम दानदाताओं से 4.5 लाख रुपये मिले और 1297 दानदाताओं से 42करोड़ रुपये, जिनका कोई पता नहीं है। अगर हम वही मानदंड लागू करेंजो हमारी पार्टी पर लागू होता है, तो भाजपा को पिछले सात वर्षों में करउल्लंघन के लिए 4263 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। चुनाव कीघोषणा होते ही सक्रिय हुए आईटी विभाग ने टीएमसी और सीपीआई



समेतअन्य विपक्षी पार्टियों पर टैक्स का हथियार आजमाया। आईटी विभाग,जो सभी विपक्षी दलों में है, केवल भाजपा की कर चोरी के प्रति अंधा है।

उन्होंने कहा कि देश की जनता इतनी बेवकूफ नहीं है कि उसे पता न चले किआईटी विभाग किसकी आंखों पर पट्टी बांधे हुए है। यह सर्वविदित है किसत्तारूढ़ भाजपा ने आईटी, ईडी और सीबीआई एजेंसियों का शोषणकरके चुनावी बांड के माध्यम से हजारों करोड़ रुपये की उगाही की।उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा सरकार इस खुले घोटाले से लोगोंका ध्यान भटकाने के साथ-साथ विपक्षी दलों को नुकसानदेह स्थिति में पहुंचानेके दुर्भावनापूर्ण इरादे से आयकर चोरी के झूठे आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में विजय माल्या और नीरव मोदी जैसे बैंक धोखेबाजोंके 10.09 लाख करोड़ रुपये के बैंक ऋण माफ करने वाली भाजपा सरकार से प्राप्तकमीशन के पैसे की जानकारी देश की जनता को दी जानी चाहिए। कांग्रेसपार्टी की असली ताकत पैसे की ताकत नहीं, बल्कि जनता की ताकत है। भाजपामें पैसा मजबूत है तो हमारे पास जनशक्ति है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपाकी ताकत कर चोरों, बैंक लुटेरों, खदान लुटेरों, ब्लैकमेलरों और चोरों की है। भाजपा एक वॉशिंग मशीन है जो भ्रष्टाचारियों का पैसा निगलजाती है और उन्हें ईमानदारी का सर्टिफिकेट देती है। अगरभ्रष्टाचारी अपने किए हुए बड़े पापों की जांच से बचना चाहते हैं, सजा सेबचना चाहते हैं तो भाजपा में शामिल हो जाएं, सारे पाप अपने आप साफ होजाएंगे। - लोगोंका पैसा लूट सकते हैं वहां रहकर आप जितना चाहे भ्रष्टाचार कर सकते हैं, लोगों का पैसा लूट सकते हैं। उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया जाएगा। उन्होंने तंज कसा है किकोई भी जांच एजेंसी उन्हें ढूंढ नहीं पाएगी। ऐसे चोरों के लूटेहुए पैसे से ही भाजपा सत्ता में आई है और सत्ता पर कायम है। इसका एकअच्छा उदाहरण ऑपरेशन कमल है जो कर्नाटक में चलाया गया था। अगर आपदेखें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो देश में 400 सीटें जीतने की छातीपीट रहे हैं, विपक्षी दलों को दंडित करने के लिए ऐसे गैरकानूनी कृत्योंपर उतर आए हैं, तो इसका मतलब है कि दीवार पर लिखी इबारत उनके लिए स्पष्ट होगई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके तथाकथित नेता देश केजागरूक मतदाताओं के सामने नंगे हो रहे हैं।

# अमित शाह का राज्य दौरा 2 को: सुनील कुमार

### विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह आगामी 2 अप्रैल को कर्नाटक में अपना चुनाव अभियान शुरू करेंगे। भाजपा के राज्य महासचिव और चुनाव प्रबंधन समिति के राज्य समन्वयक वी. सुनील कुमार ने यह जानकारी दी। भाजपा चुनाव मीडिया सेंटर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह 2 तारीख को कर्नाटक में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

उन्होंने कहा कि यह अमित शाह ही थे जिन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाकर यह संदेश देने का कड़ा निर्णय लिया कि देश एक है।

इसलिए उनका दौरा हमें उत्साहित कर रहा है। देश को बांटने का बयान देने वाले कांग्रेस सांसद डीके सुरेश हमारे सामने हैं। उन्होंने आपत्ति जताई कि देश का बंटवारा कांग्रेस की मानसिकता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि हमारी



मानसिकता देश को एकजुट करने की है। अमित शाह चन्नापट्टनम से चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। यह चुनाव इस सवाल के तहत होगा कि हमें देश को तोड़ने वाले चाहिए या देश को जोड़ने वाले चाहिए।

देश को बांटने की मानसिकता का बचाव कांग्रेस करती है, जबकि देश को जोड़ने का संदेश भाजपा का है। शाह चन्नापट्टनम में रोड शो के जरिए प्रचार करेंगे। अमित शाह सुबह 9 बजे दोनों पार्टियों के प्रमुख नेताओं के साथ दोपहर भोजन करेंगे। सुबह 11 बजे बेंगलूरु उत्तर, बेंगलूरु सेंट्रल, बेंगलूरु दक्षिण, चिक्कबल्लापुर और बेंगलूरु ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्रों के शक्ति केंद्रों के कार्यकर्ता के बेंगलूरु के पैलेस ग्राउंड में एक बैठक में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि यह करीब 5 हजार कार्यकर्ताओं का सम्मेलन होगा। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक बेंगलूरु में चिक्काबल्लापुर, तुमकुर, दावणगेरे और चित्रदुर्ग निर्वाचन क्षेत्रों के नेताओं के साथ एक अलग बैठक होगी। शाम 6 बजे चन्नापट्टनम में रोड शो होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे चुनाव प्रचार को और गति मिलेगी।

इस मौके पर प्रदेश मुख्य प्रवक्ता अश्वथ नारायण और सोशल मीडिया प्रदेश समन्वयक प्रशांत मकनूर समेत अन्य नेता मौजूद थे।

# अब आयकर विभाग द्वारा टैक्स भरने का नोटिस देने का क्या मतलब: गृह मंत्री



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
राज्य के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने कहा कि लोकतांत्रिकव्यवस्था में जांच एजेंसियों का काम लगातार होता रहता हैं। लेकिन, इस दौरान चुनावमें दिलचस्पी क्यों दिखाई गई? अब आयकर विभाग द्वारा टैक्स भरने का नोटिसदेने का क्या मतलब है? कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता किस मकसद से जब्त कियागया? पिछले चुनाव में कहा गया था कि इलेक्ट्रोल बांड तो दिया जासकता है लेकिन पैसा नहीं। चुनाव आयोग ने इसकी इजाजत दे दी। सभीपार्टियों ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड को चंदे के रूप में लिया। अब कहाजा रहा है कि इलेक्ट्रोल बॉन्ड लेना गलत है। बीजेपी ने 8200 करोड़से अधिक बांड ले लिया है। हमारी पार्टी के लिए 1800 करोड़ आयाहै। भाजपा के पास 8200 करोड़ है, जिसमें से 6600 करोड़ का हिसाबतो दे दिया गया है, लेकिन बकाया राशि का हिसाब नहीं दिखाया गया है। अगर हमारीपार्टी को टैक्स भरने का नोटिस दिया गया है तो बीजेपी को क्यो नहीं।उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीतिक द्वेषवश केवल कांग्रेसियोंको नोटिस दिया गया है।

# अनुशासन मंत्रियों और विधायकों सहित सभी के लिए महत्वपूर्ण: शिवकुमार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि अनुशासन मंत्रियों और विधायकों सहित सभी के लिए महत्वपूर्ण है। लक्ष्मण रेखा पार नहीं कर सकते। जीतना या हारना अलग बात है। लेकिन वह अनुशासन का कोई भी उल्लंघन बर्दाश्त नहीं करेंगे। शहर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कोलार लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार को लेकर उन्होंने और मुख्यमंत्री ने मंत्री केएच मुनियप्पा और पूर्व मंत्री रमेश कुमार से चर्चा की है। हमने साफ कर दिया है कि दोनों गुटों को टिकट नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके हित पूरे नहीं हुए। वैकल्पिक उम्मीदवार



गौतम एक सामान्य कार्यकर्ता पार्टी के वफादार हैं। हाईकमान ने जिन्हें टिकट दिया, हम उन्हें जिताएंगे। उन्होंने कहा कि इसमें कोई आंतरिक कलह या आंतरिक असहमति नहीं है। हमारे मन में राज्य का हित है। 10 लोकसभा क्षेत्रों में बड़ी संख्या में वामपंथी समुदाय हैं। कांग्रेस पार्टी शुरू से ही वामपंथी समुदाय को दो सीटें देती रही है। हम इसे इस बार भी जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने दो सीटों पर टिकट दिये हैं। बेंगलूरु ग्रामीण लोकसभा क्षेत्रों में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के रोड शो पर प्रतिक्रिया देते हुए डीके शिवकुमार ने कहा कि अगर वह अधिक शक्तिशाली हो जाएंगे, तो दुश्मनों की संख्या भी बढ़ जाएगी। अमित शाह आएं, प्रधानमंत्री भी आएं। हम देवेगौड़ा, उनके परिवार के बेटे, बहू, पोते सबके खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमारी नेतृत्व विचारधारा के आधार पर चुनाव कराएगी। कोविड के दौरान पीड़ितों की मदद करने, भोजन किट देने, कंबल ले जाने के लिए कौन था? उन्होंने कहा कि पूरे समय डीके सुरेश और कांग्रेस पार्टी ने ही काम किया। दिल्ली समेत पूरे देश में आयकर नोटिस जारी कर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आलोचना की कि इस तरह के उपाय इस डर से अपनाए जा रहे हैं कि वरिष्ठ गठबंधन लोकसभा चुनाव जीत जाएगा। एनडीए का निशाना कम्युनिस्टों समेत सभी राजनीतिक दलों पर है। विपक्ष को कमजोर करने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर मुझे भी नोटिस दिया गया है। राज्य से केंद्र सरकार में मंत्री बीजेपी नेताओं समेत कई के खिलाफ मामले दर्ज हैं। लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। कोई आरोप पत्र दायर नहीं किया जाएगा। लेकिन वे हमारे खिलाफ सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स समेत कई कार्रवाई कर रहे हैं।

# केआईओसीएल लिमिटेड की मेंगलूरु स्थित संयंत्र इकाई में हिंदी संगोष्ठी का आयोजन

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
केआईओसीएल लिमिटेड की मेंगलूरु के पणम्बूर स्थित संयंत्र इकाई में गुरुवार को हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आयोजन नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, मेंगलूरु के तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर आसीन आस्था जैन, उप निदेशक (राजभाषा), इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार ने सुदूर दक्षिण में केआईओसीएल लिमिटेड द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए हिंदीतर भाषी क्षेत्र में हिंदी के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे निदेशक (उत्पादन एवं परियोजनाएं) व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नराकास, मेंगलूरु के सदस्य सचिव की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। जैन ने अपने संबोधन में मेंगलूरु स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी के प्रति उत्साह के लिए प्रतिभागियों को साधुवाद देते हुए उनके प्रयासों से राजभाषा के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद की।

एक दिवसीय हिंदी संगोष्ठी कार्यक्रम का



आयोजन नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव जॉन ए अब्राहम, केआईओसीएल के निदेशक (उत्पादन एवं परियोजनाएं) जी. वी. किरण, मुख्य महा प्रबंधक (प्रभारी मेंगलूरु) आर धर्मेंद्र प्रभु के सानिध्य में शुरू हुआ व कार्यक्रम की अध्यक्षता केआईओसीएल के निदेशक (उत्पादन एवं परियोजनाएं) जी. वी. किरण ने की।

भारत सरकार के मेंगलूरु स्थित कार्यालयों के अधिकारियों, कर्मचारियों व राजभाषा अधिकारियों के साथ केआईओसीएल लिमिटेड के अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में हिंदी संगोष्ठी के रूप में प्रथम सत्र के कार्यक्रम हिंदी प्रश्नमंच व द्वितीय सत्र के कार्यक्रम हिंदी यक्षगान का प्रतिभागियों ने भरपूर लुत्फ उठाया। संगोष्ठी के क्रम में केआईओसीएल की राजभाषा ई-गृह पत्रिका श्रीगंधा के ग्यारहवें अंक का विमोचन भी संपन्न हुआ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर केंद्रित इस अंक को मंच पर उपस्थित गणमान्यों द्वारा विमोचित किया गया व क्यूआर कोड के माध्यम से इस पत्रिका को साझा किया गया।

### 2014 के ईडी मामले का हवाला दिया

# भाजपा शोभा करंदलाजे को केंद्रीय मंत्री पद से हटाए: कांग्रेस

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
बेंगलूरु उत्तर कांग्रेस के उम्मीदवार राजीव गौड़ा ने शनिवार को भ्रष्टाचार के बढ़ते आरोपों और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में संलिप्तता का हवाला देते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे को तत्काल हटाने की मांग की। पार्टी ने आरोप लगाया कि शोभा 105 करोड़ रुपये की रिश्वत के साथ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसी थीं। राजीव के अनुसार कथित तौर पर 87 करोड़ रुपये की बेहिसाब रकम में से लगभग 47 करोड़ रुपये उसके पास वापस पाए गए। शोभा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे राजीव गौड़ा ने उन्हें मंत्री नियुक्त करने के भाजपा सरकार के फैसले पर सवाल उठाया और सुझाव



दिया कि उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का मामला जनता से छुपाया गया था। यह उन पर व्यक्तिगत हमला नहीं है। यह एजेंसियों के खुलेआम दुरुपयोग और लोकतांत्रिक परंपराओं के विनाश पर हमला है जो हम भाजपा के तहत देख रहे हैं।

मामला मार्च 2014 का है जब ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच शुरू की थी। शोभा से एक निजी फर्म, इटास्का सॉफ्टवेयर कंपनी, जिसके पूर्व मंत्री कट्टा सुब्रमण्य नायडू के साथ संबंध थे, के साथ उनके वित्तीय लेनदेन के संबंध में पूछताछ की गई थी। नायडू से जुड़े कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) भूमि घोटाले की जांच के दौरान, ईडी ने शोभा सहित अवैध संपत्ति अर्जित करने के संदेह वाले व्यक्तियों को नोटिस दिए। अपने खिलाफ लगे आरोपों के खिलाफ उन्होंने कर्नाटक उच्च न्यायालय का रुख किया था। हालाँकि, ईडी ने उनकी रिट याचिका को चुनौती दी और मुकदमा जारी है। 2019 में, उडुपी-चिक्कमगलूरु लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से अपने नामांकन के दौरान, शोभा ने इस मामले को अपने हलफनामे में सूचीबद्ध किया, जिसमें कहा गया था मजिस्ट्रेट के समक्ष निजी शिकायत लागू नहीं। गौड़ा ने उन पर भ्रामक जानकारी देने और चुनाव कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उडुपी-चिक्कमगलूरु में भाजपा कैडर के विरोध के बाद, शोभा को बेंगलूरु उत्तर निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री सदानंद गौड़ा, जो पहले इस सीट से चुनाव लड़ रहे थे, उन्हें चुनावी राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा के बाद हटा दिया गया था।

# गुरुभगवंतों से जन्म कल्याणक पर पधारने की विनती

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
जैन युवा संगठन के अध्यक्ष महेंद्र बागरेचा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव निमित्त बेंगलूरु में विचरण कर रहे गुरुभगवंतों से आशीर्वाद प्राप्त करने एवं जन्म कल्याणक महोत्सव निमित्त सानिध्य प्रदान करने हेतू



विनती के लिये कुमार पार्क में विराजित साध्वी संस्कार निधि श्रीजी की सुशिष्या परम पूज्य श्री संकल्प निधि श्रीजी, अक्किपेट जैन मन्दिर उपाश्रय में विराजित महासाध्वी अरिहंत प्रभाश्रीजी, चिकपेट आदिनाथ जैन मन्दिर उपाश्रय में विराजित प्रवर्तक मुनिराज श्री बोधीप्रभ विजयजी के दर्शन कर उनके श्रीचरणों में जन्म कल्याणक महोत्सव हेतु अपना सानिध्य प्रदान करने की वन्दना की। गुरुभगवंतों ने द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव के आगरो के साथ जन्म कल्याणक में पधारने की स्वीकृति प्रदान की। इस मौके पर कोषाध्यक्ष मुकेश सुराणा, साधु साध्वी समिति चेयरमैन राकेश बोहरा, सह चेयरमैन अर्चित पारेख, कपिल काल्या, सदस्य सुनील मेहर, आशीष समदडिया, कमलेश कोटाडिया उपस्थित थे।

# पत्नी की हत्या कर जीवन समाप्त करने का प्रयास

**बेंगलूरु/शुभलाभ ब्यूरो।** अनेकल तालुक के जिगनी में एक 28 वर्षीय व्यक्ति ने कथित तौर पर घरेलूझगड़े के कारण अपनी 24 वर्षीय पत्नी की हत्या कर दी और अपनी जान देने काप्रयास किया। इस जोड़े की शादी को एक साल से अधिक समय हो गया थाऔर पीड़िता अरबिया ताज डेढ़ महीने पहले अपने पति से झगड़े केबाद अपने माता-पिता के घर चली गई थी।आरोपीमुबारक उसे फोन करके वापस लौटने के लिए मनाने की कोशिश करता था,लेकिन वह जिद पर अड़ी रहती थी। शुक्रवार को मुबारक छुरी से लैसहोकर उसे वापस लेने गया, लेकिन अरबिया ने जाने से इनकार करते हुए दरवाजा बंदकर लिया। पुलिस ने कहा, आरोपी जबरन घर में घुस गया और अरबिया पर छुरीसे हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शोर सुनकर परिजनमदद के लिए दौड़े, लेकिन मुबारक ने जान देने का प्रयास किया। गंभीररूप से घायल मुबारक को अस्पताल ले जाया गया और जिगनी पुलिस आगे की जांच केलिए उसे हिरासत में लेने के लिए उसके ठीक होने का इंतजार कर रही है।

# कांग्रेस से बगावत कर पूर्णिया में नामांकन करेंगे पप्पू यादव!

पटना (एजेंसियां)। अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर पूर्णिया से टिकट की दावेदारी करने वाले राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को पार्टी ने टिकट नहीं दिया। उन्हें पार्टी ने दो टूक कह दिया है कि पूर्णिया सीट राजद के पास है, अब नहीं मिल सकती। ऐसे में पप्पू यादव अब कांग्रेस का सिंबल लिए बगैर ही पूर्णिया से उतरेंगे। वह कांग्रेस के नाम या चिह्न का इस्तेमाल नामांकन के प्रचार के लिए बांटे जा रहे पर्चे में नहीं कर रहे हैं। वह खुद को कांग्रेस नेता बता रहे हैं, लेकिन महागठबंधन में बनी शर्तों के तहत कांग्रेस किसी दूसरे घटक की सीट पर प्रत्याशी नहीं देने की बात पर है। ऐसे में संभव है कि उन्हें कांग्रेस का बागी मान लिया जाए, हालांकि जीतने की स्थिति में ऐसे बागियों की एंट्री होती रही है।




पप्पू यादव पूर्णिया लोक सभा सीट से दो अप्रैल को नामांकन करेंगे। दो अप्रैल को 11:45 बजे पप्पू यादव अपने कार्यकर्ता के साथ समाहरणालय पहुंचेंगे। पप्पू यादव ने पूर्णिया के अर्जुन भवन में कार्यकर्ता के साथ बैठक कर पूर्णिया लोक सभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ने का निर्णय लिया है। उक्त जानकारी पप्पू यादव के करीबी बबलू भगत ने दी। बबलू भगत ने कहा कि पप्पू यादव खुद एक पार्टी है। 2 अप्रैल को पप्पू यादव पूर्णिया लोक सभा सीट से नामांकन करेंगे। उन्होंने कहा कि पप्पू यादव खुद एक पार्टी हैं। वह कांग्रेस और राजद का सम्मान करते हैं। वह आजाद उम्मीदवार के रूप में नॉमिनेशन करेंगें।

पप्पू यादव के करीबी राजेश यादव ने कहा कि पूर्णिया का पिछले 15 साल विकास नहीं हुआ है। आज पूर्णिया के लोगों को राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन तक की सुविधा तक नहीं है। एयरपोर्ट की मांग पिछले कई वर्षों से हो रही है लेकिन अब तक यहां एयरपोर्ट तक नहीं। पूर्णिया में भ्रष्टाचार चरम पर है। पप्पू यादव को साथ पूर्णिया की जनता का आशीर्वाद है। जनता के समर्थन से ही वह दो अप्रैल को नॉमिनेशन करने जा रहे हैं।

महागठबंधन द्वारा सीट नहीं मिलने पर पप्पृ यादव ने कहा कि मैं दुखी हूं। पप्पू यादव ने राजद से फ्रेंडली फाइट की तैयारी कर ली है। पूर्णिया मेरी मां है। मां का आशीर्वाद हमेशा अपने बेटे के साथ रहता है। पूर्णिया की जनता के आदेश से उनके समर्थन से में चुनाव लड़ने जा रहा हूं। अगर कांग्रेस आलाकमान ने अनुमति नहीं दी तो मैं पूर्णिया से निर्दलीय लड़ने के लिए तैयार हूं। बता दें कि शुक्रवार को पप्पू यादव ने एनआर खरीद ली थी।

एक दिन पहले पप्पू यादव ने पूर्णिया में मीडिया से सवाल का जवाब देते हुए पप्पू यादव ने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि देश की जनता ने मुझे आशीर्वाद दिया है। पूर्णिया की जनता मालिक है। चार जून को यहां कांग्रेस और जनता की जीत होगी। कांग्रेस का झंडा बुलंद होगा।

उन्होंने कहा कि पप्पू यादव मौत से नहीं डरता, वह दुनिया से कैसे डरेगा। वहीं लालू-तेजस्वी की नाराजगी के सवाल पप्पू यादव ने कहा कि लालू यादव पिता के समान हैं। तेजस्वी यादव मेरे भाई के समान हैं। आज भी मैं कोशिश कर रहा हूं उनसे बात करने का लेकिन बात नहीं हो पा रही है। हमलोग एक परिवार के तरह मिलकर लड़ेंगे। एनडीए को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।

### भाकपा-माले ने जारी की प्रत्याशियों की सूची

# बिहार की तीन लोकसभा और एक विधानसभा सीट के लिए घोषणा

पटना (एजेंसियां)। महागठबंधन के सहयोगी दल भाकपा माले ने लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम का एलान कर दिया। पटना में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भाकपा माले के राज्य सचिव कुणाल और अन्य वरीय नेताओं ने मिलकर प्रत्याशियों के नाम एलान किया। बिहार की तीन लोकसभा, एक विधायक विधानसभा और झारखंड की एक लोकसभा सीट पर उम्मीदवार के नामों की घोषणा की गई है।

चुनाव में आरा से सुदामा प्रसाद, काराकाट से राजाराम सिंह, नालंदा से संदीप सौरभ, झारखंड की कोडरमा सीट से विनोद सिंह तथा अगिआंव (सु.) विधानसभा के हो रहे उपचुनाव में शिवप्रकाश रंजन को उम्मीदवार बनाया गया है।

माले ने जिन दो प्रत्याशियों को टिकट दिया वह विधायक हैं। माले के वरीय नेता सुदामा प्रसाद




आरा जिले के ही तरारी विधानसभा से विधायक हैं। वहीं नालंदा से प्रत्याशी संदीप सौरभ पालीगंज से विधायक हैं। काराकाट से माले प्रत्याशी राजराम सिंह माले के वरीय नेता हैं।

अगिआंव सीट विधायक मनोज मंजिल को हत्या केस में एमपी-एमएलए कोर्ट से उम्रकैद की सजा मिलने के बाद से खाली है। यहां पर उपचुनाव होना है। राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन को माले ने मैदान में उतारा है। राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि मनोज मंजिल को एक झूठे मुकदमे में फसाकर उन्हें सजा दिलवाई गई। इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। शिवप्रकाश रंजन बिहार में छात्र आंदोलन के चर्चित नेता रहे हैं. उन्होंने आइसा के बिहार राज्य सचिव की जिम्मेवारी भी संभाली है. वे भाकपा-माले की राज्य कमिटी के भी सदस्य हैं। माले नेताओं ने कहा कि बिहार की सभी 40 सीटों पर पूरी एकता व जीत के संकल्प के साथ महागठबंधन उतरेगा।

# पांच घरों में अचानक लगी आग मासूम बच्चे की झुलसकर मौत

सीतामढ़ी (एजेंसियां)। बिहार के सीतामढ़ी में बीती रात आग लगने की बड़ी घटना हो गई, जिसमें एक मासूम बच्चे की झुलस कर मौत हो गई। यह घटना जिले के पुपरी थाना क्षेत्र के रामपुर खुर्द गांव की है। जहां एक साथ पांच भाइयों के घरों में अचानक आग लग गई। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। आग लगने की घटना से गांव में सनसनी फैल गई। हालांकि आग कैसे लगी, अभी इसका खुलासा नहीं हो सका है। वहीं, आग से घर में संचालित एक किराना दुकान भी जलकर पूरी तरीके नष्ट हो गई।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की देर रात अचानक रामपुर खुर्द



गांव निवासी पांच भाइयों के फूस के पांच घरों में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हुए। फिर पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके अलावा अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी गई। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। इससे पहले ग्रामीणों ने जैसे-तैसे गांव आग पर काबू पाने की कोशिश की। वहीं, अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंचने पर पूरी तरह आग पर काबू पा लिया गया।

वहीं, मृत बच्चे की पहचान मो. रिजवान (2) के रूप में की गई है। मृतक के परिजन मो. सब्बाश अंसारी ने बताया कि खाना खाकर सभी सोए हुए थे। इसी दौरान अचानक आग लग गई और देखते-देखते उसके चारों अन्य भाइयों के घरों में भी आग लग गई। जिसमें एक दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। इस घटना में एक ओर जहां रोजी-रोटी का सहारा किराने की दुकान और बुढ़ापे का सहारा मो. रिजवान दोनों आग की भेंट चढ़ गए।

# डबल मर्डर केस में भाकपा माले के दो विधायक कोर्ट से बरी

सीवान (एजेंसियां)। चर्चित चिलमारवा कांड में एडीजे 3 नरेन्द्र कुमार एमपी एमएलए कोर्ट ने फैसला सुनाया, जिसमें माले विधायक सतदेव राम और अमरजीत कुशवाहा को कोर्ट ने बरी कर दिया। आज दोनों नेता सुबह से ही कोर्ट परिसर में पहुंचे थे। अब इन्होंने राहत की सांस ली है।

यह पूरा मामला 6 जुलाई 2013 का है, जहां गैर मजरुआ जमीन पर कब्जा करने के दौरान दो पक्षों में झड़प और फिर मारपीट हो गई। इस मारपीट में दूसरे पक्ष में माले कार्यकर्त्ता थे। मारपीट के दौरान गोलीबारी भी हुई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी और एक व्यक्ति ग़ोली लगने से घायल हो गया था। मृतक की



पहचान राज नारायण उर्फ़ राजू सिंह एवं दूसरे की पहचान मुकेश सिंह के रूप में की गई थी। इस घटना में विशाम मिशा घायल हुआ था।

मृतक के परिजनों ने गुठनी थाना में माले विधायक सतदेव राम और जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा सहित अन्य के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई थी।

उस समय सतदेव राम और अमरजीत कुशवाहा विधायक नहीं थे, फिर के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसके बाद सत्यदेव राम जेल में रहते हुए विधायक का चुनाव लड़े और विजयी हुए।

11 साल बाद हुए इस फैसले से माले कार्यकर्ता काफी खुश दिखे। कोर्ट परिसर से बाहर निकलते हुए दोनों विधायक अमरजीत कुशवाहा और सतदेव राम की आंखों में आंसू थे। दोनों विधायक भावुक होकर कोर्ट परिसर से निकले। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुझे कोर्ट पर पूरा भरोसा था, हम लोगों को फंसाने के लिए गलत आरोप लगाए गए थे, जो आज गलत साबित हुए। उन्होंने कहा कि मुझे इसके लिए एक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी, उसके बाद आज कोर्ट ने हम लोगों को बरी कर दिया। इस तरह आज हम लोगों की जीत हुई है। इस पूरे मामले पर बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि 11 साल तक चली सुनवाई में करीब 50 से ज्यादा लोगों की गवाही हुई। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था और आज 30 मार्च 2024 को अपने फैसले में तमाम आरोपियों को बरी करते हुए एक बड़ा फैसला सुनाया है।

# माओवादियों ने पहले चरण के चुनाव में धमाके की रची थी साजिश, बिहार में मिले छह आईडीडी प्रेशर बम

पटना (एजेंसियां)। अति नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में पुलिस ने लोकसभा चुनाव के दौरान माओवादियों की दहला देने वाली बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस ने चुनाव को लेकर चलाए जा रहे एंटी नक्सल स्पेशल ऑपरेशन के दौरान छह शक्तिशाली प्रेशर आईइडी बम को बरामद कर डिफ्यूज कर दिया है। नक्सलियों की योजना विस्फोट कर सुरक्षा बलों को उड़ाने की थी।

पुलिस कप्तान स्वपना गौतम मेश्राम ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और बाधा



रहित संपन्न कराने को लेकर पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी दौरान औरंगाबाद एवं गया जिले के सीमावर्ती मदनपुर थाना क्षेत्र में छकरबंधा के दुर्गम जंगली-पहाड़ी इलाके से पुलिस ने छः प्रेशर आईइडी को बरामद कर डिफ्यूज कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस को छकरबंधा के जंगलों में नक्सली गतिविधियों में तेजी और हथियार, गोला-बारुद, विस्फोटकों तथा असलहों को छिपाए जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना के आलोक में पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से सर्च अभियान को और तेज किया। अभियान की जिम्मेवारी कोबरा बटालियन की डी-205 कंपनी के कमांडेंट कैलाश आर्या को दी गई।

सहायक कमांडेंट देवव्रत पांडेय के नेतृत्व में सघन सर्च शुरू किया गया। इस दौरान माओवादियों के ट्रेनिंग सेंटर के रूप में चर्चित रहे करीबा डोभा, सहिया एवं बंदर झूला की पहाड़ियों के पास से तीन प्रेशर आईइडी तथा तीन आईइडी की एक सीरीज समेत कुल छः शक्तिशाली आईइडी बम बरामद किया गया। आईईडी की बरामदगी के बाद कोबरा के बीडीडी स्कायड द्वारा सावधानी पूर्वक मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया गया।

कहा कि नक्सलियों की योजना आईइडी बम इंप्लांट कर सुरक्षा बलों को उड़ाने की थी, जो विफल हो गई।

एसपी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर औरंगाबाद पुलिस बेहद अलर्ट है। शहर से लेकर गांव और जंगली- पहाड़ी इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। एरिया डॉमिनेशन किया जा रहा है। चुनाव को लेकर पुलिस हर तरह की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रही है। नक्सल प्रभावित इलाकों पर पुलिस की पैनी नजर है।

### लालू की बेटी मीसा भारती को राहत

# आचार संहिता उल्लंघन मामले में कोर्ट ने दी जमानत

पटना (एजेंसियां)। पाटलिपुत्र से लोकसभा के राजद प्रत्याशी और लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती शनिवार को दानापुर के व्यवहार न्यायालय में उपस्थित हुई। कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायालय में उपस्थित हुईं। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के द्वारा सुनवाई के बाद उन्हें जमानत दे दी गई। बताया जा रहा है कि वर्ष 2019 में चुनाव के दौरान मीसा भारती पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला मनेर थाना में दर्ज कराया गया था। तब से वह मामला लंबित था।

इस मामले में कोर्ट ने मीसा



भारती को उपस्थित होने का आदेश दिया था। दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने मीसा भारती को दस हजार रुपए मुचलके पर उन्हें न्यायालय द्वारा जमानत दे दी गई। न्यायालय से बाहर निकालने के क्रम में पत्रकारों ने जब उनसे बात करना चाहा तो मीसा भारती बिना कुछ बात किए अपने गाड़ी पर बैठकर वहां से निकलती बनी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलवे की नौकरियों के बदले जमीन मामले में जो पहला आरोपपत्र दायर किया था, उसमें मीसा भारती का नाम था। बता दें कि लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती राजद के टिकट पर चुनाव लड़ने की बात सामने आ रही है। हालांकि वह दो बार यहां से बीजेपी के रामकृपाल यादव से चुनाव हार चुकी हैं। दो बार लालू प्रसाद ने उन्हें राज्य सभा भी भेजा। इस सीट पर राजद विधायक रीतलाल यादव और विधायक भाई वीरेन्द्र की भी दावेदारी रही है। रीतलाल यादव इस सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा भी जता चुके हैं।

# गिरफ्तारी के डर से पुलिस को देखते ही आरोपी छत से कूदा, दोनों पैर और कमर फ्रैक्चर

दरभंगा (एजेंसियां)। बिहार के दरभंगा जिले के सिमरी थाना क्षेत्र के कंसी गांव में एक शख्स गिरफ्तारी के डर से पुलिस को देखते ही छत से नीचे कूद गया। इस हरकत से आरोपी दोनों पैर और कमर फ्रैक्चर हो गई।

उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दरअसल, घायल शख्स कोर्ट का वारंटी प्रमोद महतो है, जिसे गिरफ्तार करने पुलिस गांव पहुंची थी। लेकिन पुलिस को देखते ही वारंटी छत से छलांग लगाकर भागने की कोशिश करने के दौरान घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, छापेमारी के लिए गई पुलिस को देख आरोपी प्रमोद महतो पहले तो अपने मकान के छत की ओर भागा।

लेकिन जब उसने देखा कि छत पर भी वह पकड़ा जाएगा तो उसने प्रथम तल से नीचे जमीन पर छलांग लगा दी। इस घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे पुलिस ने इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती करवाया है।

बताया जा रहा है कि प्रमोद महतो एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले का आरोपी है। उसके खिलाफ कोर्ट से वारंट निर्गत हो चुका है। बताया जा रहा है कि रात में घर के लोग भोजन करने के बाद लोग सो रहे थे। इसी दौरान उसके घर पर सिमरी थाना पुलिस छापेमारी के लिए पहुंच गई। घर के बाहर से जैसे ही पुलिस ने आवाज लगाई कि प्रमोद महतो पुलिस की डर से अपने छत के ऊपर जाकर नीचे कूद गया। कूदने के दौरान जब उसका संतुलन बिगड़ा तो वह जमीन पर गिरकर जख्मी हो गया। आरोपी की हालत देख पुलिस ने उसे अपने वाहन से सिंहवाड़ा सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे डीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

# रांची से अयोध्या जा रही श्रद्धालुओं की बस को ट्रक ने मारी जबरदस्त टक्कर, एक व्यक्ति की मौत, नौ लोग घायल

पटना (एजेंसियां)। बिहार के रोहतास में खड़ी हुई एक टूरिस्ट बस को तेज रफ्तार कोयला लदे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हो गए। घटना रोहतास पुलिस मुख्यालय डिहरी स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-2 की है। यह हादसा शनिवार सुबह डेहरी नगर थानाक्षेत्र के छक-2 पर जवाहर सेतु के पास हुआ। दरअसल, श्रद्धालुओं की बस झारखंड के रांची से उत्तर प्रदेश के



अयोध्या दर्शन करने जा रही थी।

जानकारी के मुताबिक, रांची से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या जा रही बस डिहरी के पास अचानक खराब हो गई थी, जिसकी मरम्मत करवाने के बाद श्रद्धालु जैसे ही बस में चढ़ रहे थे। तभी तेज रफ्तार से आ रहे कोयला लदे ट्रक ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। घायलों में चार महिलाएं और पुरुष शामिल हैं। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची डेहरी नगर थाना पुलिस ने घायलों को अनुमंडल अस्पताल डेहरी पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। वहीं, बाकी सभी घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल डिहरी में ही चल रहा है।

इधर, घायलों का इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया कि अस्पताल में कुल दस लोग आए थे। उनमें से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं, घायलों में से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही थी, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बाकी सभी का इलाज जारी है।

वहीं, मौके पर पहुंचे ट्रैफिक डीएसपी आदिल बेलाल ने कहा कि रांची से अयोध्या जा रही बस में कोयला लदे ट्रक ने टक्कर मार दी है। इस दुर्घटना में एक की मौत हो गई है। बाकी सभी घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है और यातायात सुचारु रूप से चालू कर दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com